# खानपुर महराणा में पुलिस से घिरा देख बदमाश ने खुद को गोली मारी, मौत

## हरियाणा की एस.टी.एफ. पुलिस पीछा कर रही थी, बदमाश पर पांच हजार का इनाम था

■ झुंझुनूं एसपी राजर्षि राज वर्मा मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का मौका मुआयना किया

**खेतडी,** (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के खानपुर महराणा में मंगलवार दोपहर को हरियाणा के एक बदमाश ने खुद को गोली मारी ली। बदमाश को पकड़ने के लिए हरियाणा की एसटीएफ टीम पीछा कर रही थी। बदमाश ने दो हवाई फायर करने के बाद अपने आप को पुलिस से घिरा देखकर कनपटी में गोली मार ली। घटना की सूचना पर झुंझुनूं एसपी राजर्षि राज वर्मा मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई।

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि हरियाणा का एक इनामी बदमाश सिंघाना थाना क्षेत्र के खानपुर महाराणा में आया हुआ था, जिसकी बहादुरगढ़ एसटीएफ लगातार लोकेशन ट्रेस कर रही थी। बदमाश की लोकेशन खानपुर में होने पर हरियाणा एसटीएफ की ओर से खानपुर क्षेत्र में घेरकर पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाश गांव में बने एक आश्रम से निकलकर खेतों की ओर भागने लगा। जब एसटीएफ के जवानों ने उसका पीछा किया तो वह खेतों में लगी तारबंदी के ऊपर से छलांग लगाता हुआ खेतों में भागने का प्रयास किया। एसटीएफ के जवानों ने जब बदमाश को पुलिस के सामने सरेंडर करने के लिए कहा तो उसने पुलिस पर एक हवाई फायर कर डराने का प्रयास किया, लेकिन एसटीएफ के जवानों ने जब उसकी घेराबंदी की तो उसने अपने आप को घिरा देखकर अपनी कनपटी के ऊपर गोली मार ली। गोली लगने से वह घायल हो गया तो एसटीएफ के जवान उसे सिंघाना के राजकीय अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**गोली लगने से घायल बदमाश को एसटीएफ के जवान सिंघाना के राजकीय अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

पुलिस के मुताबिक बदमाश की पहचान कलियाणा जिला चरखी दादरी निवासी संजय प्रजापति उर्फ भेडिया पुत्र लखीराम के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक बदमाश के शव को खेतडीनगर केसीसी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। घटना की सूचना पर एसपी राजर्षि राज वर्मा, एसटीएफ डीएसपी ललित दलाल, बुहाना डीएसपी नोपाराम भाकर, थानाधिकारी कैलाशचंद्र यादव, एएसआई विद्याधर शर्मा ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। इस दौरान झुंझुनूं से डॉग स्कवायड व एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। हरियाणा एसटीएफ की ओर से एसआई धर्मवीर सिंह, एसआई नरेश कुमार, एचसी रवि कुमार, विकास कुमार, कुलदीप, मोहित आदि शामिल थे।

# 15 हजार की रिश्वत लेते ए.एस.आई. गिरफ्तार

## दुर्घटना प्रकरण में नॉर्मल कार्रवाई करने की एवज में ए.एस.आई. ने रिश्वत मांगी थी



**कोटकासिम पुलिस थाने में एसीबी की टीम कार्रवाई की।**

**कोटकासिम,** (निसं)। खैरथल-तिजारा जिले के कोटकासिम पुलिस थाने पर कार्यरत एएसआई रघुवीर मीणा को एसीबी की टीम ने पंद्रह हजार रुपए की रिश्वत के मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। रिश्वत एक्सीडेंट मामले में नॉर्मल करवाई की एवज में मांगी गई थी। यह कार्रवाई एसीबी टीम के परमेश्वर लाल यादव के नेतृत्व में की गई।

एसीबी एडिशनल एसपी परमेश्वर लाल यादव ने बताया कि 8 मई को परिवादी ने एसीबी को शिकायत की कि कोटकासिम पुलिस थाने में कार्यरत एएसआई रघुवीर मीणा 15 हजार की रिश्वत की मांग कर रहा है। परिवादी की शिकायत पर सत्यापन किया गया जिसमें एएसआई रघुवीर मीणा की ओर से रिश्वत की मांग करना व रिश्वत के दो हजार रुपए लेना पाया गया। इस दौरान एएसआई छुट्टी पर चला गया। छुट्टी से वापस आने पर एएसआई ने परिवादी को फोन कर थाने बुलाया। एसीबी टीम ने कार्रवाई कर एएसआई रघुवीर मीणा को परिवादी से रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। गौरतलब है कि 7 मई को एसीबी द्वारा तत्कालीन उपखंड अधिकारी द्वारा 12.50 लाख रूपये की रिश्वत मांगने के प्रकरण में एसीबी की टीम द्वारा कार्रवाई की गई थी।

# 109 किलो डोडा-पोस्त जब्त

■ परिवहन में प्रयुक्त ब्रेजा कार बरामद, चालक फरार

**ब्यावर,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, वृताधिकारी के निकटतम सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम व साकेत नगर थानाधिकारी सुरेश चौधरी मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुऐ ब्रेजा कार से 6 कट्टो में भरे 109.900 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त जब्त कर परिवहन में प्रयुक्त वाहन को किया जब्त किया।

जानकारी के अनुसार जिला स्पेशल टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि केन्द्रीय विद्यालय से सिंघाडिया जाने वाली सड़क के पास नरबदखेड़ा जाने वाले कच्चे रास्ते के मोड़ पर एक ब्रेजा कार खड्डे में खड़ी हैं। सूचना पर जिला स्पेशल टीम व थानाधिकारी सुरेश चौधरी मय टीम के मौके पर पहुंचे तो खड्डे एक सफेद ब्रेजा कार खड़ी मिली। जिसकी तलाशी ली गई तो गाड़ी में प्लास्टिक के कट्टे मिले जिनमें 109.900 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त मिला। कार की तलाशी में फर्जी नम्बर प्लेटें मिली जिनको जब्त किया गया। ब्रेजा कार का चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है।



**साकेत नगर थाना पुलिस ने कार से डोडा-पोस्त जब्त किया।**

## दो हजार का इनामी गिरफ्तार

**चूरू,** (कासं)। दूधवाखारा थाना पुलिस ने दो हजार रुपए के एक इनामी स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि ऑपरेशन शिकंजा के तहत अति. पुलिस अधीक्षक चूरू लोकेन्द्र दादरवाल आरपीएस व वृताधिकारी वृत चूरू सुनिल कुमार झाझड़िया आरपीएस के सुपरविजन में थानाधिकारी दूधवाखारा रतनलाल उनि. के नेतृत्व में जिला स्पेशल टीम प्रभारी संजय कुमार हैड कानि. मय टीम द्वारा थाना स्तर पर चिन्हित टॉप-10 एवं इनामी स्थाई वारंटी सतीश कुमार पुत्र शीशराम जाट उनिवासी खेमाणा पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरू को गिरफ्तार किया है। वारंटी सतीश कुमार की गिरफ्तारी पर 2000 रुपए का इनाम घोषित था। स्थाई वारंटी सतीश कुमार हत्या के प्रयास के प्रकरण में करीब 12 वर्ष से फरार चल रहा था। उक्त कार्रवाई में साईबर सैल चूरू का भी अहम योगदान रहा है।

# पेपर आउट करवाकर नकल कराने वाले गिरोह के दो लोग गिरफ्तार

■ प्रदेश में पेपर आउट करवा नकल कराने वाले गिरोह के सरगना जगदीश सारण के तार पाली से भी जुड़े

**पाली,** (नि.सं.)। प्रदेश में पेपर आउट करवाकर नकल कराने वाले गिरोह के सरगना जगदीश सारण के तार पाली से भी जुड़े हुए हैं। रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ तो आरोपियों ने नेनाराम पटेल का अपहरण कर लिया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया तो मामले का खुलासा हुआ।

सीओ ग्रामीण रतनाराम देवासी ने बताया कि पाली जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के सेदरिया गांव का नेनाराम पटेल व जोधपुर के मोगड़ा का हरीश पटेल नकल गिरोह सरगना जगदीश से मिले हुए थे। इन दोनों ने जेईएन, शिक्षक, सीएचओ, टैक्नीकल हैल्पर जेसी दस से ज्यादा परीक्षाओं में पेपर आउट कर अयर्थियों को नकल कराकर नौकरी पर लगवाया था। जगदीश के पकड़े जाने के बाद अभ्यर्थियों से लिए रुपयों के बंटवारे को लेकर विवाद में दो दिन पहले हरीश ने अपने साथी की मदद से सेदरिया गांव से नैनाराम पटेल का अपहरण किया और विवाद निपटने पर वायद के पास छोड़ दिया था। हालांकि नैनाराम ने अपने अपहरण की घटना से इंकार किया, लेकिन पुलिस ने छानबीन करते हुए हरीश व उसके साथी को पकड़ा तो नकल गिरोह और पेपर आउट का खुलासा हुआ। सोमवार देर रात को एसओजी की टीम आरोपी हरीश व नैनाराम को लेकर जयपुर गई। पता चला कि दोनों आरोपियों ने पेपर आउट का अभ्यर्थियों से लाखों रुपए वसूले थे। अब एसओजी की टीम जयपुर ले जाकर दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ करेगी।



**प्रदेश में पेपर आउट करवाकर नकल कराने वाले गिरोह के दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।**

**प्रोपर्टी कारोबार की आड़ में करा रहे थे पेपर आउट :-** जानकारी के अनुसार सेदरिया गांव का नैनाराम पटेल और मोगड़ा गांव का हरीश उर्फ हरीराम पटेल आपस में रिश्तेदार है। दोनों आरोपी प्रोपर्टी कारोबार की आड़ में पेपर आउट कराकर नकल गिरोह के सरगना जगदीश निवासी सांचौर से जुड़े हुए थे। दोनों ने पेपर आउट में कमाए रुपए से जोधपुर, पाली व जैतपुर-वायद में प्रोपर्टी कारोबार में लगाए ताकि किसी को उन पर संदेह न हो। दोनों ने नई लग्जरी गाड़ियां भी खरीदी। पिछले दिनों एसओजी ने नकल गिरोह के सरगना जगदीश समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अयर्थियों से नकल के बदले लिए गए रुपए नैनाराम व हरीश के पास रह गए। इन रुपयों को लेकर हिसाब-किताब में गड़बड़ी से दोनों में दुश्मनी पैदा हो गई।

**अपहरण की घटना पर डाला पर्दा, केस भी दर्ज नहीं :-** 11 मई की शाम को सेदरिया गांव से कुछ लोग नैनाराम पटेल को जबरन गाड़ी में डाल कर ले गए। नैनाराम के परिजनों से अपहरण की सूचना पर सीओ ग्रामीण रतनाराम देवासी व जैतपुर एसएचओ राजेंद्रसिंह की टीम ने नाकाबंदी कराते हुए आरोपियों की तलाश तेज की। शाम को सेदरिया गांव का नैनाराम पटेल पुलिस को वायद गांव से मिल गया। जिसने कहा कि प्रोप्टी कारोबार को लेकर लेनदेन में वह अपनी मर्जी से गाड़ी में बैठकर गया था। उसने पुलिस को गुमराह करते हुए कहा कि उसका अपहरण नहीं हुआ। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपहरण की घटना में शामिल जोधपुर के मोगड़ा निवासी हरीश उर्फ हरीराम पटेल व झंवर के खुडाला गांव के अनेकराम विश्नोई को गिरफ्तार किया तो नैनाराम ने अपहरण का केस दर्ज कराने से इंकार कर दिया। समाज के लोगों ने भी नैनाराम के परिजनों से समझाइश कर केस दर्ज कराने से इंकार कर दिया।

इस पर पुलिस को मजबूरन इन तीनों आरोपियों को रविवार को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार करना पड़ा। पुलिस ने तीनों से अलग-अलग पूछताछ की तो पता चला कि हरीश व नैनाराम नकल गिरोह से जुड़े हैं। पुलिस के इनपुट के बाद एसओजी की टीम सोमवार शाम को रोहट पहुंची और दोनों आरोपियों को जमानत पर छूटते ही अपनी हिरासत में लिया। देर रात को एसओजी दोनों को डिटेल पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई।

# पंचायत समिति प्रधान सहित कई जनों पर एफ.आई.आर. दर्ज

■ प्रधान पति, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी और लेखा सहायक के खिलाफ मामला दर्ज हुआ

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पदमपुर क्षेत्र ग्राम पंचायत रतनपुरा में फर्जी दस्तावेजों से निर्माण की स्वीकृतियां जारी करने के मामले में पंचायत समिति पदमपुर प्रधान सुनीता पूनिया, प्रधान पति हनुमान पूनिया, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी अरविन्द सहारण व सांवला राम और लेखा सहायक जगदीश गाबा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पदमपुर क्षेत्र ग्राम पंचायत रतनपुरा (75 एलएनपी) के मौजूदा सरपंच प्रतीक दहिया पुत्र चन्द्रदत्त दहिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम पंचायत के वार्षिक योजनाओं के कार्य ग्राम पंचायत के सरपंच के प्रस्ताव अनुसार पंचायत समिति की ओर से अनुमोदित करवाए जाते हैं, लेकिन राजनीतिक द्वेष भावना के चलते ग्राम पंचायत रतनपुरा के लेटरपैड व सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर पंचायत समिति प्रधान सुनीता पूनिया, प्रधान पति हनुमान पूनिया व तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी अरविन्द सहारण व सांवला राम और लेखा सहायक जगदीश गाबा ने षडयंत्र पूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार कर स्वीकृतियां निकाली।

इसमें रतनपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में खेल सामग्री आपूर्ति के लिए वित्तीय स्वीकृति 6 जनवरी 2023 को निकाली गई। इसमें कार्यालय ग्राम पंचायत रतनपुरा के दस्तावेजों में नये निर्माण कार्यों के कार्य पूर्व प्रस्ताव ग्राम पंचायत की बैठक में नहीं किए गए बल्कि इन लोगों ने फर्जी तौर पर तैयार किया। इसके साथ-साथ गांव के सतपाल नाई के घर से लेकर मोमनराम के घर तक सीसी रोड के निर्माण की स्वीकति चार जनवरी 2023 को तैयार की। जब उसने 19 जनवरी 2023 को पंचायत समिति पदमपुर से इन स्वीकृत कार्य के दस्तावेजों की प्रतिलिपी चाही तो वहां लेखाकार जगदीश गाबा ने देने से मना कर दिया। मामले की जांच पदमपुर थाना प्रभारी सुरेन्द्र को दी गई है।

# जमीन विवाद को लेकर बदमाशों ने फायरिंग की

■ बदमाशों ने जमीन का एग्रीमेंट कैंसिल करवाने के लिए चार राउंड फायरिंग की

■ फायरिंग के बाद पीड़ित युवक कार लेकर डिप्टी ऑफिस पहुंचा और जानकारी दी

■ 'स्कॉर्पियो में गोली के खाली खोल मिले, गाड़ी के बाहर छर्रे लगे मिले हैं'

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना गावड़ी मोड़ स्थित एवीवीएनएल कार्यालय के पास जमीनी विवाद को लेकर बदमाशों द्वारा 4 राउंड फायरिंग करने का मामला सामने आया है। फायरिंग के बाद पीड़ित युवक तुरंत स्कॉर्पियो लेकर डिप्टी ऑफिस पहुंचा और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पीड़ित ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया हैं।

पीड़ित युवक प्रदीप सैनी ने बताया कि उसका कपिल मीना से जमीन का एग्रीमेंट हुआ था। उस जमीन का एग्रीमेंट कैंसिल करवाने के लिए कपिल मीणा के साथी कुलदीप मीणा से चार-पांच महीने पहले धमकी मिली थी। धमकी मिलने के बाद सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने उस समय कहा था कि पाबंद कर दिया गया है अब कुछ नहीं होगा। पीड़ित ने बताया कि आज वह गावड़ी बाईपास से गावड़ी मोड़ पर एक व्यक्ति को 8 लाख रुपए का चैक देने के लिए आ रहा था तभी गावड़ी मोड़ से गावड़ी की तरफ जा रही थार गाड़ी ने पहले तो टक्कर मारी, उसके बाद पीछे के शीशे पर कुलदीप मीणा ने फायरिंग कर दी। थार गाड़ी में करीब 5 से 6 बदमाश सवार थे। फायरिंग करने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस फायरिंग होने की जगह पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया। घटना को लेकर एसपी प्रवीण नायक नुनावत, एएसपी गिरधारी लाल शर्मा और डीएसपी अनुज डाल ने डीएसपी ऑफिस आकर पीड़ित से मामले की जानकारी ली।

पीड़ित प्रदीप सैनी ने कपिल मीणा की जानकारी से गावड़ी बाईपास पर जमीन ली थी। जिला बनने के बाद उस जमीन के पैसे बढ़ गए। कपिल मीना ने कहा कि जमीन वापस लेंगे। इस मामले को लेकर कुलदीप मीणा ने धमकी दी थी। आज कुलदीप मीणा ने पीड़ित प्रदीप सैनी पर फायरिंग की है।

एएसपी गिरधारीलाल शर्मा ने कहा कि घटना की सूचना लेट मिली, जिस वजह से आरोपी भाग निकले। अलग-अलग टीम गठित कर नाकाबंदी करवाई गई है, आरोपियों की तलाश की जा रही। स्कॉर्पियो में गोली के खाली खोल मिले। गाड़ी के बाहर छर्रे लगे मिले हैं। पुलिस ने खाली खोल को जब्त कर लिया है।

## खेतड़ीनगर की पहाड़ियों में आग लगी

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के गोठड़ा ग्राम पंचायत के वार्ड नं. पांच रामदेव मौहल्ला स्थित पानी की टंकी के पास सोमवार देर शाम को पहाड़ी पर अचानक आग लग गई। इस दौरान ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन हवा तेज होने के कारण आग देखते ही देखते पूरी पहाड़ी पर फैलने लगी। इस दौरान ग्रामीणों की सूचना पर खेतडी नगरपालिका दमकल व केसीसी की दमकल मौके पर पहुंची, तीन घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया।

समाजसेवी हरीराम गुर्जर ने बताया कि रामदेव मौहल्ला स्थित पानी की टंकी के पास पहाड़ी में शाम को आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंच कर देखा तो पहाड़ी के ऊपरी क्षेत्र पर तीन-चार जगह आग की लपटें उठ रही थी। पहाड़ी में लगी आग को देखकर केसीसी दमकल व खेतड़ी नगरपालिका दमकल को सूचित किया गया। आग पहाड़ी के ऊपरी क्षेत्र में लगने के कारण दोनों दमकल पहाड़ होने के कारण मौके तक नहीं पहुंच पाई। ग्रामीणों के सहयोग से दमकल कर्मियों ने वाटर सीओ व डाई पाउडर सिलेंडर से छिड़क कर तीन घण्टे की बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायरमैन गौतम चौधरी ने बताया कि संकरी गली व पहाड़ी एरिया होने के कारण दमकल मौका स्थल तक नहीं पहुंच पायी जिसके चलते सिलेंडरों से आग पर बुझाई गई।

# कलेक्टर और एस.पी. ने देवली में 650 मीट्रिक टन अवैध बजरी का भंडारण जब्त किया

## शाहपुरा कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत व एसपी राजेश कांवट ने की कार्रवाई, सूचना लीक होने से बजरी माफिया वाहन एवं जेसीबी मशीन लेकर मौके से फरार हो गये

■ अवैध बजरी के स्टॉक की जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं देने पर संबंधित गिरदावर एवं पटवारी की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए चार्ज शीट दी जाएगी

**देवली,** (निसं)। निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र की छोटी लुहारी गांव में सोमवार की देर रात को शाहपुरा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए 650 मीट्रिक टन अवैध बजरी के भंडारण को जब्त किया है।

उल्लेखनीय है कि यहां हनुमान नगर थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन खुलेआम होता है। इसी की रोकथाम को लेकर शाहपुरा जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत एवं एसपी राजेश कावट ने मिलकर अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के विरुद्ध संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए 650 मीट्रिक टन बजरी का भंडारण जब्त किया लेकिन कार्रवाई की सूचना लीक होने से बजरी माफिया वाहन एवं जेसीबी मशीन लेकर मौके से फरार हो गए।



**देवली के पास हनुमान नगर थाना क्षेत्र की छोटी लुहारी में अवैध बजरी के भंडारण को जब्त किया।**

जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि उन्हें सोमवार रात को सूचना मिली कि जहाजपुर उपखंड क्षेत्र के हनुमान नगर थाना क्षेत्र की लुहारी कलां ग्राम पंचायत की चरागाह भूमि पर सैकड़ों टन अवैध रूप से बजरी के दो स्टॉक स्थापित किये हुए हैं। सूचना पर कलेक्टर शेखावत, एसपी कावट तुरंत मौके पर पहुंचे। यहां दोनों अधिकारियों ने अवैध बजरी के भंडारण पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर 650 मीट्रिक टन बजरी जब्त की। कार्रवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि छोटी लुहारी कला ग्राम के चरागाह भूमि पर लगे अवैध बजरी के स्टॉक की जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं देने पर संबंधित क्षेत्र के गिरदावर एवं पटवारी की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए चार्जशीट दी जाएगी। वहीं इस कार्रवाई की सूचना लीक होने पर हनुमान नगर थाना पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

ग्रामीणों का मानना है कि काफी समय से यहां पर बजरी का अवैध कारोबार पनप रहा था। ऐसे में बजरी के अवैध भंडारण के विरुद्ध सोमवार रात को हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश कांवट, उपखंड अधिकारी सुरेंद्र बी पाटीदार, तहसीलदार, इत्यादि प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

शाहपुरा पुलिस अधीक्षक राजेश कांवट ने कार्रवाई की सूचना लीक होने पर कहा कि माफियाओं के सूचना तंत्र के लोग जगह-जगह पर बैठे रहते हैं। माफिया तंत्र दिन रात पल पल पुलिस की निगरानी करते हैं। अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पूरे जिले में पुलिस गस्त का पेटर्न चेंज किया गया है। ऐसे हालात पर अब जिले में पुलिस की 15 गाड़ियां गश्त करेंगी।